## न्यूज डायरी



### अपने सात बंदरगाहों पर यूक्रेन ने 18 देशों के 76 विदेशी जहाजों को किया ब्लाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्पुतनिक। यूक्रेन के सात बंदरगाहों पर इस वक्त 70 से अधिक विदेशी जहाज खड़े हैं। लगातार हो रही बमबारी के कारण यहां से जहाजों का निकलना मुश्किल है। यह जानकारी रूस के नेशनल डिफेंस कंट्रोल सेंटर के प्रमुख मिखाइल मिजिन्तसेव ने दी। रूस व यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग के बीच 70 से अधिक विदेशी जहाज यूक्रेन की बंदरगाहों से निकल नहीं पा रहे हैं क्योंकि इनपर बमबारी का खतरा बना हुआ है। मिजिन्तसेव रूस के ह्यूमैनिटेरियन रेस्पांस कोआर्डिनेशन हेडक्वाटर्स को भी देख रहे हैं। एक ब्रीफिंग में कर्नल जनरल ने बताया, 18 देशों के कुल 76 विदेशी जहाज यूक्रेन के सात बंदरगाहों– खेरसन, नोकोलायेव, चेर्नोमार्सक, ओचाकोव, ओडेसा, यूझनी और मारियूपोल में रुके पड़े हैं। उन्होंने कहा, 18 देशों के 76 विदेशी जहाज यूक्रेन के बंदरगाहों पर रुके हुए हैं। अपने जल क्षेत्र में कीव की ओर से की जा रही बमबारी के खतरे को देखते हुए ये जहाज बंदरगाह से लौट नहीं रहे।

### जापान सैन्य विमान से यूक्रेन को भेजना चाहता है सहायता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान के सैन्य विमानों के जरिए यूक्रेन के शरणार्थियों को भारत के रास्ते मदद भेजने के प्रस्ताव को मोदी सरकार के ठुकरा देने के बाद अब टोक्यो ने इसके लिए नया प्लान बनाया है। जापान सरकार ने मंगलवार को बताया कि जापानी सेना के विमान अब भारत की जगह पर संयुक्त अरब अमीरात में सामानों को लोड करेंगे। इन विमानों के जरिए यूक्रेन के शरणार्थियों को मदद भेजी जानी है। यही नहीं जापान अब अप्रैल के अंतिम दिनों की बजाय मई में इन सामानों को भेज पाएगा। जापानी अखबार निक्केई के मुताबिक नए प्लान के मुताबिक अब जापान के ट्रांसपोर्ट विमान केवल यूएई में सप्लाई करेंगे। इससे पहले इसे भारत में किया जाना था। इससे पहले भारत ने इन विमानों को उतरने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था। जापानी की यह सप्लाई मई से शुरू होकर जून के अंत तक चलेगी।

### शंघाई में कोरोना संक्रमण से 52 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शंघाई। चीन के शंघाई में कोरोना के मामले थम नहीं रहे हैं। आर्थिक राजधानी कही जाने वाले शंघाई में कोरोना से हालात बहुत बुरे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटे में शंघाई में कोरोना संक्रमण से 52 लोगों की मौत हो गई है। इससे एक दिन पहले कोरोना से यहां 51 मरीजों की जान गई थी। नगर स्वास्थ्य आयोग ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी है। इस दौरान शंघाई में कोरोना संक्रमण के 16,980 मामले सामने आए हैं। कुल मामलों में 1,661 मरीजों में लक्षण पाए गए हैं। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण के चलते शंघाई के लोग सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। हालात ये है कि शंघाई में स्वास्थ्य और भोजन जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। शहर में सख्त लाकडाउन लगाया गया है जिसके चलते करीब ढाई करोड़ लोग अपने घरों में कैद हैं। लाकडाउन के बावजूद प्रशासन द्वारा उठाए गए इन कदमों से लोगों के अंदर गुस्सा भरा हुआ है। लाकडाउन की वजह से पहले ही से यहां के लोग त्रस्त आ चुके हैं।

### विश्व का रक्षा बजट पहुंच गया है 21 खरब डालर के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान और इससे पहले भी दुनिया के कई देश अपने रक्षा खर्च पर अरबों और खरबों रुपये निवेश करते हैं। ये भी सही है कि विश्व के मौजूदा हालातों ने दुनिया के कई देशों की चिंता को बढ़ाया है जिसके बाद आने वाले वर्षों में रक्षा पर होने वाला खर्च बढ़ने की पूरी संभावना है। मौजूदा समय में भी दुनियाभर का रक्षा बजट 21.13 खरब डालर तक हो गया है। सिप्री के मुताबिक पिछले वर्ष रक्षा बजट के सभी रिकार्ड टूट गए हैं। सिप्री के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष दुनिया के रक्षा बजट 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और यह 21.13 खरब डालर हो गया है। कोरोना महामारी के दौरान रक्षा खर्च में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिली है।

# ईरानी सेना ने अफगान सीमा पर तैनात किए टैंक और भारी हथियार

**तनाव**

## तालिबान ने ईरान के 8 सैनिकों को बंधक बना लिया था जो अफगान सीमा में चले गए थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। ईरान और अफगानिस्तान में सत्ता में आए तालिबानी आतंकियों के बीच तनाव गहरा गया है। ईरान की सेना ने अफगान सीमा पर तालिबान की नापाक हरकतों को देखते हुए टैंक और अन्य भारी हथियार तैनात कर दिए हैं। इससे पहले तालिबान ने ईरान के 8 सैनिकों को बंधक बना लिया था। ये ईरानी सैनिक अफगान सीमा में चले गए थे। ईरान का कहना है कि तालिबान दोघरुन–इस्लाम काला सीमा पर अनियंत्रितश तरीके से सड़क निर्माण शुरू किया है जिससे तनाव बढ़ा हुआ है।

इस बीच तनाव को कम करने के लिए तालिबान का कार्यकारी शरणार्थी मंत्री एक प्रतिनिधिमंडल के साथ तेहरान जा रहा है। स्थानीय मीडिया का कहना है कि इस बैठक में शरणार्थियों को लेकर चल रही चुनौतियों और सीमा तनाव पर चर्चा होगी। तालिबानी मंत्री खलिलूरहमान हक्कानी ने कहा, हम ईरान की यात्रा



का प्रयास कर रहे हैं ताकि अफगान लोगों के संघर्ष के बारे में बात की जा सके। हम आशा करते हैं कि हम बात कर सकते हैं और समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

**तालिबानी सैनिकों ने ईरानी क्षेत्र का उल्लंघन किया:** ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अफगानिस्तान पर विशेष दूत हसन काजमी कोमी ने ईरानी सेना से जुड़े फार्स न्यूज एजेंसी से कहा कि तालिबानी सैनिकों ने ईरानी क्षेत्र का उल्लंघन किया है। ईरानी पक्ष ने अपनी गतिविधि को रोक दिया है। इससे सीमा पर तनाव काफी बढ़ा हुआ है। काजमी ने कहा कि ईरान ने तालिबान के गृहमंत्री और रक्षामंत्री से संपर्क किया है। साथ ही जोर दिया है कि जब तक संयुक्त आयोग द्वारा सीमा विवाद सुलझा नहीं लिया जाता है, सभी तरह के निर्माण को रोका जाना चाहिए।

ईरानी बॉर्डर गार्ड रेजिमेंट के कर्नल मोहम्मद चेराघ ने कहा कि इस मामले को दोनों ही देशों के विशेषज्ञों के द्वारा निपटा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा पर हालात शांत हैं। तालिबान के ईरान के 8 सैनिकों को बंधक बनाए जाने की अपुष्ट खबरें आई हैं। इससे पहले दिसंबर ईरानी सेना और तालिबानी आतंकियों के बीच झड़प हो गई थी। ईरान के साथ तालिबान का तनाव ऐसे समय पर बढ़ा है जब पाकिस्तानी सेना भी अफगानिस्तान के अंदर हवाई हमले कर रही है। इससे तालिबान के साथ पाकिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं।

## ब्रिटेन में सैकड़ों बच्चों को अपनी चपेट में ले रहा हेपेटाइटिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इसी कारण दुनिया में कई जगहों पर अभी भी लॉकडाउन है। इस बीच एक खबर यह आई है कि दुनिया के कई देशों में बच्चों में तेजी से हेपेटाइटिस के मामले बढ़ रहे हैं। ब्रिटेन में यह सबसे ज्यादा तेजी से बढ़े हैं। स्वास्थ्य प्रमुखों की ओर से कहा गया है कि कोविड लॉकडाउन के कारण संभव है कि बच्चों की इम्युनिटी कमजोर हुई हो। उनकी ओर से यह बात तब कही गई है जब दो और ब्रिटिश बच्चों को लीवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है और दर्जनों बीमार हैं।

यूके के स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से कहा गया कि कोरोना के कारण लगे लॉकडाउन से बच्चे सामान्य संक्रमण में भी नहीं आए, जिसके कारण पूरी दुनिया में इस तरह के मामले बढ़े दिखे हैं। ब्रिटेन में एक महीने में अज्ञात मूल के 114 हेपेटाइटिस के मामले सामने आए हैं, जिसमें से 10 को लीवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है। पहला मामला एक महीने पहले स्कॉटलैंड में सामने आया था, जिसके बाद यूके के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा था कि जितने मामले उन्हें एक साल में देखने कि उम्मीद थी, उतने तीन महीनों में ही मिले हैं। ज्यादातर मामले पांच साल से कम उम्र के बच्चों में देखे गए हैं, जो शुरुआत में उल्टी–दस्त से पीड़ित हुए।



## टूरिस्ट के लिए सजा बन गई नाव की सवारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैक्सिको सिटी। समुद्र किनारे लोग अपनी छुट्टिया मनाने और एंजॉय करने जाते हैं। लेकिन छुट्टियों का मजा एक सजा में बदल सकता जब आपको समुद्र में एक बड़ी और खतरनाक मछली मिल जाए। कुछ ऐसा ही हुआ मैक्सिको में जहां एक बड़ी व्हेल मछली ने तेज रफ्तार मैक्सिकन टूर बोट को नीचे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इसके यात्री हवा में उड़ गए। शुक्रवार को मैक्सिको तट पर हुए इस हादसे में तीन बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है। हादसे के बाद बोट में सवार तीन लोगों को नौसेना द्वारा अस्पताल ले जाया गया।

## इमरान खान की ड्रीम यूनिवर्सिटी में हैं सिर्फ 37 छात्र, ,पाक में उड़ रहा मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की ड्रीम यूनिवर्सिटी श्अल कादिर विश्वविद्यालयश को लगातार लाखों रुपयों का डोनेशन मिल रहा है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि इस यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले सिर्फ 37 छात्र है। अल कादिर विश्वविद्यालय के लिए 2019 में एक रियल एस्टेट दिग्गज ने भूमि दान में दी थी। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इसके मूल ट्रस्टी पूर्व नेता, उनकी पत्नी बुशरा बीबी, जुल्फिकार अब्बास बुखारी और जहीर उद दीन बाबर अवान थे।

हालांकि बाद में, बुखारी और बाबर अवान को ट्रस्ट से हटा दिया गया और उनकी जगह आरिफ नजीर बट और फरहत शहजादी को ले लिया गया। यहां हम आपको बता दें कि फरहत शहजादी, जिन्हें फराह खान या फराह बीबी के नाम से भी जाना जाता है। यह बुशरा बीबी की करीबी दोस्त हैं। श्अल कादिर एक विश्वविद्यालय होने का दावा करता है, लेकिन अभी तक पंजाब उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। इसे अब तक केवल एक विषय बीएस–एमएस (प्रबंधन विज्ञान) पढ़ाने की अनुमति दी गई है। जनवरी से दिसंबर 2021 तक ट्रस्ट को 180 मिलियन पीकेआर का डोनेशन मिला। जुलाई 2020 से जून 2021 तक ट्रस्ट की कुल आय 101 मिलियन पीकेआर थी। जबकि, कर्मचारियों और कर्मचारियों के वेतन समेत कुल खर्च लगभग 8.58 मिलियन पीकेआर था। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने खर्च पर सऊदी अरब की यात्रा करेंगे। ये बात सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने कही है। साथ ही यात्रा के बारे में झूठ फैलाने के लिए पीटीआई के नेताओं की भी आलोचना की है। उन्होंने कहा, 2008–18 के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान भी, उन्होंने हमेशा अपने खर्च पर यात्रा की थी।

### शहबाज अपने खर्च पर सऊदी अरब जाएंगे: मरियम

## पाकिस्तान के कराची यूनिवर्सिटी में हुआ ब्लास्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के कराची यूनिवर्सिटी में जोरदार धमाका हुआ है। जियो न्यूज के अनुसार यह धमाका यूनिवर्सिटी परिसर में खड़ी कार में हुआ है। इस धमाके में दो चीनी नागरिकों समेत चार लोगों की मौत हो गई है। कई गंभीर रूप से घायल हैं। टीवी फुटेज में एक सफेद कार में आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। चारो तरफ से कार के अंदर से धुएं के गुबार उठ रहे हैं। घटना पर घटनास्थल पर पुलिस और बचाव कर्मी पहुंच चुके हैं। ब्लास्ट की अधिक जानकारी देते हुए बचाव कर्मियों ने कहा कि कि मस्कान चौरंगी के पास एक वैन में सिलेंडर विस्फोट हुआ है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक विस्फोट पर अन्य कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच, सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने घटना का संज्ञान लिया है और आतंकवाद निरोधी विभाग और एसएसपी ईस्ट को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है। शाह ने घायलों को दाउ यूनिवर्सिटी अस्पताल में स्थानांतरित करने के निर्देश जारी किए और कराची आयुक्त को एक जांच रिपोर्ट देने को भी कहा है।